गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्व पशुचिकित्सा दिवस पर पशुचिकित्सा सोसायटी ने आयोजित किए तीन कार्यक्रम

पंतनगर। 27 अप्रैल 2023। विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर, पशुचिकित्सा सोसायटी ने तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत रेबीज टीकाकरण एवं कृमिनाशक दवा वितरण अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 150 कुत्ते बिल्लियों को रेबीज के टीके लगाए गए। इस अवसर पर डा. सर्वेश कुमार त्रिपाठी, डा. राजीव रंजन, डा. प्रकाश भट्ट, डा. सतीश कुमार, डा. ज्योति पलोद, डा. निधि अरोड़ा, डा. जे.एल. सिंह, डा. मीना मृगेश आदि मौजूद रहे। द्वितीय कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जयश्री रॉय प्रथम, अदिति रावत एवं ग्रुप द्वितीय एवं सोनाली खुल्बे तृतीय स्थान पर रहे। तृतीय कार्यक्रम के अंतर्गत रतन सिंह सभागार में विश्व पशुचिकित्सा दिवस पर एक अतिथि व्याख्यान डा. आदित्य द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर कार्यवाहक अधिष्ठाता ने बताया की पशुचिकित्सक समाज के अभिन्न अंग हैं तथा अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाते हैं और आगे भी निभायेंगे। इस आयोजन में पशुचिकित्सा सप्ताह एवं पशुचिकित्सा मेले की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। वेटेरिनरी सोसायटी ने इन प्रतियोगिताओं के स्पॉन्सर जीनस एबीएस, त।छटम्ज्ए जीपदक अमजए ब्नेए प्छज्।ए प्दकपंद पउउनदवसवहपबंसे को सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विभिन्न महत्वपूर्ण अतिथियों को आमंत्रित किया गया। इनमें अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, डा. एस.सी. त्रिपाठी, डा. आदित्य, सतीश कुमार, ज्योति पलोड़, अमित तथा विभिन्न विभागों के अनेक प्राध्यापक शामिल रहे।

सभी कार्यक्रमों का आयोजन पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेश की निगरानी में किया गया तथा अपूर्वा रावत, पीयूष पाण्डे, बारिशा अली, दीपक जोशी, ऋतिष्षा भट्ट, ऋतिक सेलवान, देवशीष अंकित ग्रेवाल, आदित्य कुमार, सिमरनजीत, गुरतेज और ईशान आदि के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ।

1: कार्यक्रम में रेबीज टीकाकरण करते अधिकारीगण एवं विद्यार्थी।

2: प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

निदेशक संचार